भारत सरकार

पर्यटन मंत्रालय

लोक सभा

लिखित प्रश्न सं. †2520

सोमवार, 03 अगस्त, 2026/12 श्रावण, 1948 (शक)

को दिया जाने वाला उत्तर

स्वदेश दर्शन 2.0 और पर्यटन अवसंरचना का विकास

†2520. श्रीमती बिजुली कलिता मेधीः

श्रीमती डी. के. अरुणाः

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) स्वदेश दर्शन 2.0 योजना के उद्देश्य और प्रमुख विशेषताएं क्या हैं और इसके अंतर्गत कितनी परियोजनाओं को स्वीकृति प्रदान की गई और इनमें से कितनी पूरी की गईं;

(ख) देश में विशेषकर तेलंगाना में विमानपत्तनों, अंतिम छोर तक संपर्क और सतत् पर्यटन पद्धतियों सहित पर्यटन अवसंरचना के विकास के लिए उठाए गए कदमों का ब्यौरा क्या है; और

(ग) देश में विशेषकर तेलंगाना में रोजगार सृजन, स्थानीय अर्थव्यवस्था और पर्यटन क्षेत्र के समग्र विकास पर इन पहलों का क्या प्रभाव पड़ा है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)

(क) से (ग): पर्यटन मंत्रालय ने गंतव्य और पर्यटक-केंद्रित दृष्टिकोण अपनाते हुए, देश में स्थायी और जिम्मेदार पर्यटन स्थलों के विकास के उद्देश्य से स्वदेश दर्शन योजना को स्वदेश दर्शन 2.0 (एसडी 2.0) के नाम से नया रूप दिया है। इस योजना में यह स्वीकार किया गया है कि स्थायी और जिम्मेदार पर्यटन ही पर्यटन विकास की कुंजी है और यह पर्यावरणीय, सामाजिक-सांस्कृतिक तथा आर्थिक स्थिरता सहित स्थायी पर्यटन के सिद्धांतों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित करती है।

स्वदेश दर्शन योजना की मुख्य विशेषताओं में पर्यटकों के अनुभवों को बेहतर बनाने हेतु देश में पर्यटन संबंधी सुविधाओं का विकास, योजना के माध्यम से तैयार की गई पर्यटन संबंधी परिसंपत्तियों का सुदृढ़ संचालन और प्रबंधन, रोजगार सृजन और पर्यटन से संबंधित व्यवसायों के विकास में योगदान आदि शामिल हैं।

स्वदेश दर्शन 2.0 के तहत तेलंगाना राज्य सहित अन्य राज्यों के लिए स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण **अनुबंध** में दिया गया है। एसडी 2.0 के तहत स्वीकृत सभी परियोजनाएं कार्यान्वयन के विभिन्न चरणों में हैं।

किसी पर्यटन स्थल के विकास के लिए प्रभावी और पर्याप्त संपर्कता एक महत्वपूर्ण पहलू है। पर्यटन मंत्रालय, पर्यटन स्थलों तक बेहतर संपर्कता सुनिश्चित करने के लिए, जिसमें हवाई अड्डे, अंतिम छोर तक संपर्कता आदि शामिल हैं, सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय, नागर विमानन मंत्रालय और अन्य संबंधित मंत्रालयों के साथ मिलकर काम करता है।

पर्यटन मंत्रालय ने नागर विमानन मंत्रालय के सहयोग से, उनकी 'क्षेत्रीय संपर्कता योजना- उड़े देश का आम नागरिक (आरसीएस-उड़ान)' के तहत बेहतर हवाई संपर्कता के लिए तेलंगाना राज्य सहित देश में 53 पर्यटन मार्गों को चिह्नित किया है।

इस योजना के शुरू होने के बाद पिछले सात वर्षों के दौरान 92 अपरिचालित एवं अल्प-परिचालित हवाई अड्डों को जोड़ते हुए 637 आरसीएस रूट (15 हेलिपोर्ट और 02 वाटर एयरोड्रोम सहित) को आज की तिथि तक चालू किया जा चुका है। आरसीएस-उड़ान के माध्यम से आज की तिथि तक 3,17,000 कनेक्टिंग आरसीएस उड़ानों का उपयोग करते हुए 154 लाख से अधिक घरेलू यात्रियों ने सफर किया है। चयनित एयरलाईन ऑपरेटरों (एसएओ) को व्यवहार्यता अंतर निधियन (वीजीएफ) के रूप में वितरित आरएसीएफटी की राशि 4087 करोड़ रु. है।

इस सफलता से उत्साहित होकर संघ सरकार के मंत्रिमंडल ने संशोधित क्षेत्रीय संपर्कता योजना-उड़ान को 28,840 करोड़ रु. के कुल परिव्यय के साथ वित्तीय वर्ष 2026-27 से वित्तीय वर्ष 2035-36 तक की अवधि के लिए मंजूरी दी है। इस योजना में मौजूदा अपरिचालित हवाई पट्टिंयों से 100 हवाई अड्डों के विकास, क्षेत्रीय एयरोड्रोम्स के लिए ऑपरेशनल सहायता, पहाड़ी, सुदूर, द्वीप वाले हिस्से तथा पिछड़े क्षेत्रों में 200 आधुनिक हेलिपैड के विकास और क्षेत्रीय हवाई मार्गों के लिए निरंतर व्यवहार्यता अंतर निधियन (वीजीएफ) की परिकल्पना की गई है। इस योजना से क्षेत्रीय संपर्कता को मजबूती मिलने, पर्यटक गंतव्यों के लिए, विशेषकर अल्प-परिचालित क्षेत्रों में अंतिम छोर तक संपर्कता में सुधार होने तथा संपूर्ण देश में पर्यटन, व्यवसाय एवं आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलने की संभावना है।

स्वदेश दर्शन योजना, तेलंगाना राज्य सहित अन्य राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्रों के प्रशासनों को स्थानीय समुदायों और हितधारकों के साथ उचित परामर्श करने, नवीकरणीय ऊर्जा और पर्यावरण-अनुकूल सामग्री का उपयोग करने, स्थायी पर्यटन प्रथाओं को अपनाने, सुलभ अवसंरचना और सेवाओं का विकास करने, क्षमता निर्माण, स्थानीय उद्यमिता आदि पर ध्यान केंद्रित करने के लिए प्रोत्साहित करती है।

इस योजना का उद्देश्य देश में पर्यटन विकास के विविध पहलुओं पर महत्वपूर्ण सकारात्मक प्रभाव डालना है, जिसमें पर्यटन विकास, स्थानीय अर्थव्यवस्थाओं को बढ़ावा देना, अवसंरचना का निर्माण, रोजगार सृजन और पर्यटन का संवर्धन शामिल है।

इसके अलावा, पर्यटन मंत्रालय ने स्थायी पर्यटन हेतु राष्ट्रीय कार्यनीति तैयार की है और स्थायी पर्यटन के विकास के लिए निम्नलिखित कार्यनीतिक स्तंभों की पहचान की गई है:

i.पर्यावरणीय स्थिरता का संवर्धन
ii.जैव विविधता का संरक्षण
iii.आर्थिक स्थिरता का संवर्धन
iv.सामाजिक-सांस्कृतिक स्थिरता का संवर्धन
v.स्थायी पर्यटन के प्रमाणन की योजना
vi.आईईसी और क्षमता निर्माण शासन

मंत्रालय ने देश भर में स्थायी पर्यटन को बढ़ावा देने और पर्यटकों के साथ-साथ पर्यटन संबंधी व्यवसायों को स्थानीय संस्कृति, पर्यावरण और विरासत को संरक्षित करने के लिए सतत प्रथाओं को अपनाने हेतु प्रोत्साहित करने के लिए ट्रैवल फॉर लाइफ नामक पहल भी शुरू की है।

*****

अनुबंध

श्रीमती बिजुली कलिता मेधी और श्रीमती डी. के. अरुणा द्वारा स्वदेश दर्शन 2.0 और पर्यटन अवसंरचना के विकास के संबंध में दिनांक 03.08.2026 को पूछे जाने वाले लोक सभा के लिखित प्रश्न संख्या †2520 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में **विवरण**

दिनांक 30.06.2026 तक स्वदेश दर्शन 2.0 के तहत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची

क्र. सं.	**राज्य/संघ राज्यक्षेत्र**	**गंतव्य**	**अनुभव का नाम**	**स्वीकृति तिथि**	**स्वीकृत राशि (करोड़ रु. में)**	**कार्यान्वयन एजेंसी के लिए निर्धारित राशि की निकासी सीमा (करोड़ रु. में)**
1.	आंध्र प्रदेश	बापतला	सूर्यलंका बीच अनुभव का विकास	29.03.2025	97.52	48.76
2.	आंध्र प्रदेश	अरक्कू-लम्बासिंगी	अरक्कू में बोर्रा गुफा अनुभव	05.03.2024	29.88	14.94
3.	अरुणाचल प्रदेश	मेचुका	मेचुका सांस्कृतिक हाट	05.03.2024	18.48	9.24
4.	अरुणाचल प्रदेश	मेचुका	मेचुका एडवेंचर पार्क	05.03.2024	12.75	6.38
5.	अरुणाचल प्रदेश	नाचो	अनलॉक नाचो अभियान	05.03.2024	14.02	7.01
6.	असम	कोकराझार	कोकराझार वेटलैंड अनुभव	05.03.2024	26.68	13.34
7.	असम	जोरहाट	रीइमैंजिनिंग सिन्नामारा टी एस्टेट	05.03.2024	23.88	11.94
8.	बिहार	बोधगया	बोधगया में बौद्ध ध्यान एवं अनुभव केंद्र का विकास	29.03.2025	165.44	16.54
9.	छत्तीसगढ़	कवर्धा	भोरमदेव कॉरिडोर का विकास, कवर्धा	29.03.2025	146.00	14.60
10.	दादरा एवं नगर हवेली तथा दमन एवं दीव	दमन	दमन सम्मेलन केंद्र	29.03.2025	147.13	-
11.	गोवा	पोर्वोरिम	पोर्वोरिम क्रीक अनुभव	20.08.2024	24.07	12.04
12.	गोवा	कोलवा	कोलवा बीच अनुभव	20.08.2024	19.89	9.95
13.	हरियाणा	पंचकुला	टिक्कर ताल और एडवेंचर पार्क में एडवेंचर टूरिज्म हब का विकास	29.03.2025	26.68	2.67

14.	हरियाणा	पंचकुला	यादविन्द्रा गार्डन का कायाकल्प	29.03.2025	65.82	6.58
15.	हिमाचल प्रदेश	चिंतपूर्णी	मां चिंतपूर्णी देवी मंदिर, ऊना का विकास	04.07.2025	56.26	5.63
16.	कर्नाटक	मैसूरु	ईकोलोजिकल अनुभव क्षेत्र	05.03.2024	18.48	1.85
17.	कर्नाटक	मैसूरु	टोंगा राइड विरासत अनुभव क्षेत्र	29.02.2024	2.72	0.27
18.	कर्नाटक	हम्पी	'ट्रैवलर नूक्स' की स्थापना	29.02.2024	25.64	2.56
19.	केरल	अलप्पुझा	अलप्पुझा: ए ग्लोबल वॉटर वंडरलैंड	29.03.2025	93.18	46.59
20.	केरल	मलमपुझा	मलमपुझा गार्डन और लीजर पार्क में पर्यटकों के अनुभव का संवर्धन	29.03.2025	75.87	37.94
21.	केरल	कुमारकोम	कुमारकोम पक्षी अभयारण्य अनुभव	05.03.2024	13.81	6.91
22.	लद्दाख	लेह	जूले लेह जैव विविधता पार्क	05.03.2024	23.17	2.32
23.	लद्दाख	कारगिल	एक्सप्लोरिंग एलओसी और हुंडरमन विलेज अनुभव	05.03.2024	11.91	5.96
24.	लक्षद्वीप	बंगारम	बंगारम में इको-रिट्रीट, एडवेंचर, बीच और एमआईसीई अनुभव का विकास	29.03.2025	81.18	8.12
25.	मध्य प्रदेश	चित्रकूट	चित्रकूट में आध्यात्मिक अनुभव	05.03.2024	27.22	13.61
26.	मध्य प्रदेश	ग्वालियर	फूलबाग अनुभव क्षेत्रत	29.02.2024	16.74	8.37
27.	मध्य प्रदेश	दतिया	पीताम्बरा पीठ दतिया का विकास	14.07.2025	44.24	22.12
28.	महाराष्ट्र	पुणे	शिवसृष्टि थीम पार्क	21.09.2024	75.47	37.74
29.	मेघालय	सोहरा	वॉटरफॉल ट्रेल्स अनुभव	05.03.2024	27.61	13.81
30.	मेघालय	सोहरा	मेघालयन एज केव अनुभव	04.03.2024	32.45	16.23
31.	मिजोरम	चम्फाई	केइलुंगलिया, ज़ोटे, नगुर और मुअलबुह्वम, चम्फाई में इको रिज़ॉर्ट अनुभव	29.03.2025	38.85	19.43
32.	मिजोरम	चम्फाई	विरासत और सांस्कृतिक केंद्र, चम्फाई	29.03.2025	33.87	16.94

33.	मिजोरम	आइजोल	सम्मेलन केंद्र का निर्माण	10.11.2025	99.71	49.86
34.	नागालैंड	चुमुकेदिमा	चुमुकेदिमा के जैकब गांव में साहसिक पर्यटन का अनुभव	29.03.2025	32.54	16.27
35.	नागालैंड	चुमुकेदिमा	चुमुकेदिमा व्यू पॉइंट पर इको- पर्यटन अनुभव	20.08.2024	7.87	3.94
36.	नागालैंड	चुमुकेदिमा	मिडवे रिट्रीट में जनजातीय सांस्कृतिक अनुभव	05.03.2024	21.57	10.79
37.	पुदुचेरी	कराईकल	कराईकल बीच और वाटरफ्रंट अनुभव	05.03.2024	20.3	-
38.	पंजाब	अमृतसर	अटारी में सीमा पर्यटन अनुभव	20.08.2024	25.91	2.59
39.	पंजाब	कपूरथला	कांजिली वेटलैंड में इको पर्यटन अनुभव	05.03.2024	19.56	1.96
40.	राजस्थान	सीकर	श्री खाटू श्याम जी मंदिर (सीकर) में विकास कार्य	29.03.2025	87.87	8.79
41.	राजस्थान	बूंदी	केशोरायपाटन में आध्यात्मिक अनुभव	29.02.2024	21.65	2.17
42.	राजस्थान	बीकानेर जिला	श्री करणी माता मंदिर, बीकानेर में विकास कार्य	14.07.2025	22.58	11.29
43.	राजस्थान	मालासेरी डूंगरी (जिला - भीलवाड़ा)	मालासेरी डूंगरी, भीलवाड़ा जिले का विकास	14.07.2025	48.73	24.37
44.	सिक्किम	ग्यालशिंग	युकसोम क्लस्टर में इको-वेलनेस अनुभव	05.03.2024	15.41	7.71
45.	सिक्किम	गंगटोक	गंगटोक सांस्कृतिक गांव	29.02.2024	22.60	11.30
46.	तमिलनाडु	मामल्लापुरम	शोर मंदिर में गहन अनुभव	29.02.2024	30.02	-
47.	तेलंगाना	अनंतगिरि	अनंतगिरि वन में इको पर्यटन जोन	05.03.2024	38.01	19.01
48.	तेलंगाना	भोंगीर	भोंगीर किला एक्सपीरियंशियल जोन	29.02.2024	56.82	5.68
49.	त्रिपुरा	अगरतला	अगरतला में त्रिपुरा विरासत गांव और संगीत अनुभव (चरण-1 और 2)	29.03.2025	48.95	24.48

50.	उत्तर प्रदेश	नैमिषारण्य	वैदिक - वेलनेस अनुभव	05.03.2024	17.8	-
51.	उत्तर प्रदेश	प्रयागराज	आजाद पार्क और देखो प्रयागराज ट्रेल अनुभव	05.03.2024	14.52	1.45
52.	उत्तराखंड	चंपावत	टी गार्डन अनुभव	05.03.2024	19.89	1.99
53.	उत्तराखंड	पिथौरागढ़	गुंजी में ग्रामीण पर्यटन क्लस्टर अनुभव	05.03.2024	17.86	1.79
कुल					**2207.08**	**645.72**

****